


आधाफुल के और भी कमाल के किस्से हैं।
सब पढ़ डालो।
एक भी किस्सा छूट न जाए।









Developed and created by **BBC Media Action**
in partnership with **UNICEF, DOVE** and **the Center for Appearances Research**

# आधा FULL परी हूं मैं





हाई! मैं हूं तारा। 15 साल की हूं और दसवीं में पढ़ती हूं। कुछ लोग मुझे कहते हैं वॉकिंग-टॉकिंग एन्साइक्लोपीडिया! मेरा स्लोगन? तारा कभी झूठ नहीं बोलती!
तारा
हैलो! मैं हूं किटी। उम्र 18! यानी मैं अपना स्कूटर भी चला सकती हूं और वोट भी दे सकती हूं। मैं हूं कॉलेज के पहले साल में। किसी को मैं लगती हूं चुलबुली, किसी को समझदार। पर एक बात तो सब मानते हैं मेरे लिए नथिंग इज इंपॉसिबल!
किटी
हैलो। मैं हूं बल्लू। किटी के साथ कॉलेज में हूं और आधाफुल गैंग का नया मैंबर हूं। मेरी आंखे बचपन में ही चली गई थीं। पर कोई बात नहीं! सुनना और सूंघना हैं मेरी सुपरपावर!
बल्लू
हाई-लो दोस्तों। मैं आपका अपना अदरक। 17 साल का हूं और ओपन कॉलेज से पढ़ाई कर रहा हूं। अब तो मेरे बैग में हमेशा किताबें भरी रहती हैं, और दिमाग में आईडियाज!
अदरक




क्लिक!
क्लिक!
क्लिक!
क्लिक!
जब देखो सोशल मीडिया! जब देखो सेल्फीज! तारा को अचानक क्या हो गया है?
परी!! सोशल मीडिया की सबसे बड़ी स्टार!
मेरा कूल डांस देखा? सब परी से सीखा है!
2:40
७०६१ पोस्ट
1.3 मि. फॉलोअर
२०० फॉलोइंग
Edit Profile
परी
एक नौजवान डांसर!
फैशन क्वीन!
तारा और बदलीपुर के सभी नौजवान फॉलो करते हैं


तूने अभी तक परी को फॉलो नहीं किया?! क्या कूल डांस करती है... और हर वीडियो में नया स्टाइल! देख...सर पर स्कार्फ। ये इसका स्टाइल है!
मुझे भी परी जैसा फेमस और पॉपुलर जो बनना है!
तभी तू डांस सीख रही है?
और क्या! पर सिर्फ डांस से कुछ नहीं होता। लुक, ड्रेस, स्टाइल... सब जरूरी है। और परी अपने सीक्रेट वीडियोज में बताती रहती है – मेकअप, ब्यूटी क्रीम, परफ्यूम, ड्रेसेज...
सिर्फ तारा ही नहीं, बदलीपुर के सब लड़के- लड़की परी की दिखाई चीजों को खरीदने में लगे हैं।




2 दिन बाद। अपने अड्डे पर...
तारा को देखा? जबसे परी को फॉलो करने लगी है, कितना बदल गई है!
सिर्फ तारा ही नहीं, हमारे कॉलेज के कितने ही स्टूडेंट्स परी को फॉलो भी करते हैं, और कॉपी भी! वैसे ही कपड़े, उसके बताए हुए परफ्यूम...
ए–जी फैशन ट्रेंड्स
SALE SALE SALE!
सुना है एक नया सैलून खुला है परी हेयर स्टाइल के लिए। और ये भी सुना है कि परी हमेशा स्कार्फ पहनती है। सोशल मीडिया पर लोग अक्सर अपनी असलियत छुपाते हैं। कहीं वो भी...


कितना पैसा बर्बाद होगा इस सब में।
और ये बार- बार का खर्चा है, क्योंकि सोशल मीडिया पर इन्फ्लुएंसर्स नई-नई चीजें दिखाते रहते हैं।
मेरे कितने ही फ्रेंड्स इसी चिंता में रहते हैं कि इन सब के लिए पैसे कहां से लाएं।
तारा बोल रही थी कि बदलीपुर जैसे छोटे शहरों में टैलेंट की जगह नहीं है। और वो भी बड़े शहर जाएगी, परी के जैसे।
अगले दिन... अदरक और उसके ओपन स्कूल स्टडी ग्रुप के कुछ दोस्त।




मुझे भी परी को मिलना है। पता नहीं किस सिटी में रहती है। बड़ी स्टार है... कहीं भी हो सकती है।
कितनी गोरी है! मैंने भी वही क्रीम खरीद ली है जो ये लगाती है! वाओ! नया शेड देखा लिप्स्टिक का? अगली पॉकेट मनी से ये ही लूंगी!
अदरक की जासूसी आंखें!
परी... बदलीपुर में?!
ओ तेरी! परी के पीछे वाला साइन तो बदलीपुर में है!!!
ब्रेकिंग न्यूज देने के लिए अदरक भाग कर किटी के घर जाता है।



ये देखो... परी यहीं बदलीपुर में है। अजीब है ना?
तारा का परी को मिलने का सपना शायद पूरा हो जाएगा!
जरूर यहां घूमने आई होगी!
अदरक सबको लेकर उसी साइनबोर्ड के पास जाता है।
बल्लू की कमाल की याद-दाश्त और सुनने की शक्ति!
ये सब्जीवाले की आवाज सुन रहे हो? परी के हर वीडियो में मुझे सुनाई देती है।
परी तो बड़े शहर में रहती है... यहां किसी से मिलने आई होगी।






ये क्या! ये ही दीवार तो परी के हर डांस वीडियो के पीछे दिखती है!
मतलब? परी बदलीपुर में रहती है?!
आवाज सुनकर बगल के कमरे का दरवाजा खुलता है, और कोई बाहर आता है।
क्या तुम्हें पता है परी कहां है?
कौन हो तुम?
यहां तक कैसे आए?
जाओ यहां से!


पर दरवाजा बंद होने से पहले अदरक और किटी परी को रोक देते हैं।
डरो मत परी... हम तुम्हारे दोस्त हैं!
ये तो सच में परी है! पर अपने वीडियोज से कितनी डिफरेंट! न स्कार्फ, माथे पर निशान भी है, और रंग भी सांवला!
हां, मैं ही परी हूं। वीडियोज में अलग लगती हूं क्योंकि मैं अपने माथे का निशान छुपाने के लिए स्कार्फ बांधती हूं।
पर ऐसा क्यों करती हो तुम? क्यों अपनी असलियत छुपाती हो?




क्योंकि मैं एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हूं। और अपने फॉलोअर्स के आगे 'परफेक्ट' दिखने के लिए स्कार्फ से अपने माथे के मस्से को छुपा देती हूं, और फिल्टर और लाइटिंग से अपने सांवलेपन को।
पर तुम तो परफेक्ट डांसर हो... अलग दिखने की क्या जरूरत है?
क्योंकि मुझे अपने फॉलोअर्स को चीजें बेचने के पैसे मिलते हैं। मुझे देख कर लोग मेरे जैसा बनने के लिए ये सब खरीद लेते हैं।
तभी तो हमें बिना सोचे-समझे सोशल मीडिया पर यकीन नहीं करना चाहिए। मानो हमारे स्कूल और कॉलेज के टीचर्स भी चीजें बेचने लग जाएं... तो अजीब नहीं लगेगा?
पर तुम तो अपने वीडियोज में बड़े शहरों और रेस्टोरेंट में दिखती हो... उसका क्या?



मैं तो वहां कभी गई ही नहीं। मेरी एक कजिन वहां रहती है और मुझे फोटोज भेज देती है... और मैं लैपटॉप पर उसे अपनी फोटो में जोड़ देती हूं।
तुम परी नहीं... नकली हो! मैं अभी तुम्हें अनफॉलो कर रही हूं!
तुम्हारी असली खूबसूरती तो तुम्हारा डांस है। तुम्हारे इसी हुनर ने तारा को डांस सीखने की प्रेरणा दी है! पर अगर तुम ब्यूटी क्रीम और इस तरह की चीजें बेचने लग जाओगी, तो तुममें जो खास है, वो लोग भूल जाएंगे। वो तुम्हारे जैसा डांस करना भूल कर तुमसे गलत बातें सीखने लगेंगे – जैसे तुम्हारे जैसा दिखना।




लोग सोशल मीडिया पर कंटेंट क्रिएटर्स को देखकर उनके जैसा दिखना चाहते हैं। पर वीडियोज में दिखाए क्रीम्स, ड्रेसेज और हेयरस्टाइल अपनाने के बाद भी नहीं बन पाते, क्योंकि जो तुम सोशल मीडिया पर दिखाती हो वैसा लगना मुमकिन ही नहीं है।
और सिर्फ समय और पैसा ही नहीं, अपना कॉन्फिडेंस भी खो देते हैं।
एक बात तो पक्की है... अपने बदलीपुर में भी बहुत टैलेंट है!


अगर तुम अपने टैलेंट, अपने डांस से अपने फॉलोअर्स को आकर्षित करोगी, तो वो भी मेहनत करने के लिए इंसपायर होंगे!
और फिर मैं तुम्हारी सबसे बड़ी फैन बनूंगी!
थैंक्स दोस्तों, मुझे याद दिलाने के लिए कि मेरा सपना तो कोरियोग्राफर बनने का है। मैं पैसों के लालच में ये भूल गई थी और अपनी असलियत छुपाने लगी थी।




अब मैं पैसा और नाम कमाऊंगी तो कोरियोग्राफर बन कर, न तो अपने फॉलोअर्स को नकली शक्ल दिखा कर, और न ही उन्हें वो चीजें बेचकर जो मैं खुद भी इस्तेमाल नहीं करती।
परी का सबसे वायरल वीडियो तारा के साथ!
#MyBodyTheBest

# परिचय

हमने हर एक ग्राफिक नॉवल के पूरा होने के बाद की जाने वाली कुछ एक्टिविटीज तैयार की हैं। ये एक्टिविटीज फेसिलिटेटर यानी चुने गए ग्रुप लीडर द्वारा करवाई जाएंगी। फेसिलिटेटर को यह ध्यान रखना होगा कि सभी लड़के और लड़कियाँ उपस्थित हों और आराम से बैठें।

- एक बार ग्राफिक नॉवल पूरा हो जाने के बाद, फेसिलिटेटर को हर एक एक्टिविटी को धीरे-धीरे पढ़ना होगा, भाग लेने वाले सभी लड़के-लड़कियों को इसका मतलब समझाना होगा और यह तय करना होगा कि वे सभी लोग हर एक्टिविटी में भाग लें।
- ध्यान रखें कि सभी भाग लेने वालों को हर एक्टिविटी पर जवाब देने का मौका मिले।
- जवाब देते समय, ध्यान रखें कि सभी भाग लेने वाले, अपने हाथ ऊपर उठाएं, और फिर एक-दूसरे के जवाब को काटे बिना एक-एक करके जवाब दें। ऐसी स्थिति में, फेसिलिटेटर को यह ध्यान रखना होगा कि सभी भाग लेने वालों को अपने जवाब के लिए पूरा समय मिले।
- अगर कोई जवाब नहीं दे रहा है, तो फेसिलिटेटर को विशेष रूप से उनसे समय लेने, ग्राफिक नॉवल के मुख्य संदेशों पर सोचने और एक्टिविटी पर जवाब देने के लिए कहना होगा।
- सभी भाग लेने वालों को ग्राफिक नॉवल के मुख्य संदेशों पर सोचने और अपने निजी जीवन के ऐसे (ग्राफिक नॉवल से मेल खाने वाले) अनुभवों को साझा करने के लिए प्रोत्साहित करें जो मुख्य संदेशों से मेल खाते हों।





# सोशल मीडिया का असर



## सोचें, समझें और बताएं

60 सेकंड लें और अपने सोशल मीडिया के इस्तेमाल के बारे में सोचें, खासतौर पर उन इन्फ्लुएंसर्स के बारे में जिन्हें आप ऑनलाइन फॉलो करते हैं।

1. क्या आप कोई ऐसा मौका याद कर सकते हैं जहां इनमें से किसी इन्फ्लुएंसर ने किसी चीज (किसी प्रोडक्ट या सेवा) की मार्केटिंग या प्रचार किया हो?
2. कहानी पढ़ने से पहले आपकी प्रतिक्रिया क्या होती? कहानी पढ़ने के बाद आप मार्केटिंग पर क्या प्रतिक्रिया देंगे?
3. **सही या गलत:** सोशल मीडिया पर जो होता है, वो हमेशा असली या सच नहीं होता।
4. **सही या गलत:** हमें अपनी तुलना सोशल मीडिया पर मौजूद दूसरे लोगों से करनी चाहिए।

# आप क्या करेंगे?



मान लीजिए कि ११वीं क्लास के पाँच दोस्तों का एक ग्रुप है। उनमें से एक दोस्त खूब सोशल मीडिया चलाता है, और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स और सेलेब्रिटीज (मशहूर हस्तियों) से काफी प्रभावित है, और अक्सर ग्रुप में उनके मैसेज साझा भी करता है। आप इनमें से कौन सा कदम उठाएंगे और क्यों:

1. सोशल मीडिया पर दिखने वाली चीजों के गलत या नकली होने की संभावना के बारे में दोस्त से बात करेंगे

2. सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स के खतरों और जिम्मेदार सोशल मीडिया यूजर बनने के बारे में दोस्तों के बीच चर्चा करेंगे

3. अपने दोस्तों को सोशल मीडिया के बारे में सचेत करना जरूरी नहीं है, लेकिन खुद इसके असर से सचेत रहना है